प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–भारत के एआई विजन को वैश्विक स्तर पर मिला समर्थन।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा आज कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टेटनेस व डिप्थीरिया के टीके का करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली में पार्टी हाईकमान के साथ आर डी जी के मुददे पर की चर्चा–प्रधानमंत्री से आर डी जी बहाल करने की रखेंगे मांग
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।

वैष्णव–एआई इम्पैक्ट समिट

भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ, इस समिट में भारत के जिम्मेदार ए आई विजन को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिला। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट कई मायनों में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि पांच लाख से अधिक लोगों ने इस प्रदर्शनी का आनंद लिया, बहुत कुछ सीखा और दुनिया भर के कई विशेषज्ञों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि दुनिया के लगभग सभी प्रमुख एआई क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कई स्टार्ट अप्स को अपने काम को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि निवेशकों द्वारा निवेश के कई वादे किए गए हैं, जो बुनियादी ढांचे से संबंधित निवेशों के लिए 250 अरब डॉलर और वेंचर कैपिटल के तहत डीप टेक निवेशों के लिए लगभग 20 अरब डॉलर से अधिक हैं। केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन का समर्थन करने वाले युवाओं को भी धन्यवाद दिया।

बिरला–ए आई शिखर सम्मेलन

इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेव और कृषि में ए आई के उपयोग से वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य को गति मिलेगी। इंडिया ए आई इम्पैक्ट समिट में लोकतंत्र के लिए ए आई शीर्षक वाले विशेष सत्र में बोलते हुए बिरला ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित बनाएगी।

बिरला ने डीप फेक और गलत सूचनाओं को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया साथ ही इस बात पर जोर दिया कि ए आई का उपयोग सत्य और विश्वसनीयता को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए।

जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज सोलन जिले के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टेटनस और डिप्थीरिया टीके का शुभारंभ करेंगे। यह टेटनस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टेटनस और डिप्थीरिया टीका देश की जन स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काफी अहम है।

कांग्रेस बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों ने कल नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार अपने स्तर पर भी आर डी जी की बहाली के लिए लड़ाई जारी रखेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इसे बहाल करने की मांग की जाएगी। इसके अलावा कांग्रेस हाईकमान भी इस मुददे को लेकर लोकसभा में हिमाचल के हक की पैरवी करेगा।

बैठक के बाद उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हिमाचल को मिलने वाली आरडीजी को बिना किसी पूर्व सूचना के रोका गया है। इससे हिमाचल को हर साल दस हजार करोड़ का नुकसान होगा। अग्निहोत्री ने कहा कि आरडीजी हिमाचल का हक है और इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 22 फरवरी को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज.ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

साइबर सुरक्षा

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि दीर्घकालिक साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नागरिक शिक्षा को एक अनिवार्य घटक के रूप में लेना आवश्यक है। वे कल शाम जयपुर के राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित तीन दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन साइबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुंच के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि साइबर सुरक्षा एक सामूहिक प्रतिबद्धता है और सरकार, न्यायपालिका और समाज को इसको पूरा करने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति ने अपार सुविधाएँ प्रदान की हैं। लेकिन, इसका दुरुपयोग एक बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल बैंक खातों की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संस्थागत विश्वास की रक्षा करना भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायपालिका इस खतरे से निपटने और इसे देश से समाप्त करने में अपनी भूमिका निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बहुल गांवों के बुनियादी ढांचे में सुधार और गांवों के  एकीकृत विकास के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस योजना के तहत उना जिला के कई गावों में विकास कार्य चल रहे हैं। जिन गांवों में अनुसूचित जाति जनसंख्या 40 प्रतिशत से अधिक है, वे गांव इस योजना के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, आवास, बिजली, आजीविका सृजन और कौशल विकास के क्षेत्रों में सुधार के पात्र हो जाते हैं। योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना और बुनियादी सुविधाओं का अभाव दूर करना है।

मंडी शिवरात्रि

मंडी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत भव्य सांस्कृतिक परेड में कल 35 सांस्कृतिक दलों ने भाग लेकर शहर को रंग, संगीत और लोक परंपराओं से सराबोर कर दिया। राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय दलों की दमदार भागीदारी महोत्सव की सांस्कृतिक विविधता और वैश्विक सहभागिता का जीवंत उदाहरण बनी। वहीं अंतरराष्ट्रीय दलों ने पारंपरिक लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप शिरकत करते हुए कहा कि मंडी का ये अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव केवल आस्था का ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और वैश्विक भाईचारे का भी प्रतीक है।

इस बीच राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आज शाम मंडी पहुंचेंगे और शिवरात्रि महोत्सव की छठी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में भाग होंगे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

आज समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल में फल—सब्जियों के कारोबार पर लगेगी एक प्रतिशत मार्केट फीस।

संसद में उठेगा आर डी जी बहाली का मामला शीर्षक से दैनिक जागरण ने लिखा है दिल्ली में सीएम सुक्खू सहित हिमाचल मंत्रिमंडल की खरगे व राहुल से चर्चा। दैनिक भास्कर के शब्द हैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है आर डी जी बहाली पर केंद्र से संवाद से बात नहीं बनी तो कानूनी विकल्प अपनाएंगे।

दिव्य हिमाचल के अनुसार हैल्थ में मिला 1 हजार 6 सौ 17 करोड़ का प्रोजेक्ट, मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का होगा आधुनिकीकरण। पंजाब केसरी ने लिखा है केंद्र ने हिमाचल को शर्तों के साथ जारी किए 286 करोड़।

20 से 27 मई के बीच 3 चरणों में करवाए जा सकते हैं पंचायत चुनाव हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–भारत के एआई विजन को वैश्विक स्तर पर मिला समर्थन।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा आज कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टेटनेस व डिप्थीरिया के टीके का करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली में पार्टी हाईकमान के साथ आर डी जी के मुददे पर की चर्चा–प्रधानमंत्री से आर डी जी बहाल करने की रखेंगे मांग

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।